HINDUSTAN
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

मुख्य सचिव बने क्विज गुरु, बच्चों से पूछे सवाल

बुधवार को टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज की प्रतियोगिता 'आईटी विज 2011' में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य सचिव ने पुरस्कृत किया। • हिन्दुस्तान

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज की प्रतियोगिता आईटी विज 2011 में आए स्कूली छात्रों ने जिस तेजी से पूछे गए सवालों के जवाब दिए, जाने-माने क्विज मास्टर गिरी बालसुब्रमण्यम भी हैरत में पड़ गए। कार्यक्रम में शुरू से अंत तक मौजूद रहे सूबे के मुख्य सचिव अनूप मिश्रा जब पुरस्कार देने मंच पर आए तो उनसे भी नहीं रहा गया और छात्रों से सवाल पूछे।

वैसे आईटी से संबंधित सवालों के तपाक से उत्तर देने वाले छात्र मुख्य सचिव के सवाल पर चकरा गए। उन्होंने पूछा कि कई उर्दू शायर चौदहवीं के चांद का जिक्र क्यों करते हैं। जब सही जवाब नहीं मिला तो खुद उन्होंने बताया कि दरअसल इस्लामिक कैलेंडर में 28 दिन होते हैं इसलिए पूर्ण चंद्र को चौदहवीं का चांद कहा जाता है। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल 620 टीमों को पछाड़ते हुए लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर डी ने बाजी मार ली। संगीत नाटक अकादमी के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में प्रांशु और हिमांशु ने सर्वाधिक अंक हासिल कर पहले स्थान पर कब्जा जमाया। टीसीएस आईटी विज में बुधवार को विजेता रही टीम दिसंबर में राष्ट्रीय स्तर पर होने जा रहे फाइनल में शामिल होगी। विजेता टीम को ट्रॉफी और एक गैलेक्सी टैब व डिजिटल कैमरा दिया गया। सेठ एमआर जयपुरिया के अंश और समृद्ध ने उपविजेता के पुरस्कार स्वरूप आईपॉड और रनरअप ट्रॉफी हासिल की। रनरअप का चयन टाईब्रेकर के जरिए हुआ। प्रतियोगिता में देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद और गोरखपुर के अलावा उत्तराखंड के विभिन्न शहरों से आए स्कूली छात्र शामिल हुए। सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली छह टीमों को फाइनल राउंड में प्रवेश मिला। इस मौके पर लविवि कुलपति प्रो. मनोज मिश्रा, टीसीएस के नॉर्दन हेड जयंत कृष्णा भी मौजूद रहे।